Form no. III

फर्द अहकाम

(नियम 26)

न्यायालय अतिरिक्त जिला कलक्टर सूरतगढ जिला श्रीगंगानगर

राजवीर सिंह बनाम मनजीत कौर आदि

किस्म मुकदमाः—अपील अन्तर्गत धारा 75 भूराजस्व अधिनियम प्रकरण संख्या :— 40/2020

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील मे जारी हुए
20.04.2021	आज यह पत्रावली अपीलांट द्वारा स्वयं उपस्थित होकर प्रार्थना पत्र मय शपथ पत्र प्रस्तुत करने पर पेशी में ली गई। अपीलांट ने प्रार्थना पत्र मय शपथ पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किया कि उपरोक्त अनवानी अपील में अपीलांट आगे कोई कार्यवाही नहीं करना चाहता है तथा अपनी अपील विड्रो करना चाहता है। अतः अपीलांट को अपील विड्रो करने की अनुमति प्रदान करे। अपीलांट द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र मय शपथ पत्र शामिल मिसल किया गया। पत्रावली का अवलोकन किया। अपीलांट द्वारा प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर अपील आगे नहीं चलाने हेतु निवेदन किया गया है। अतः प्रार्थना पत्र अपीलांट स्वीकार किया किया जाकर अपील अपीलांट विड्रॉ की जाने की अनुमति दी जाती है एवं अपील अपीलांट इसी स्तर पर खारिज की जाती है, तथा आदेशिका दिनांक 20.08.2020 द्वारा प्रश्नगत भूमि वाके चक 3 के तहसील अनूपगढ़ के मुरब्बा न. 24 पत्थर न. 198/50 के किला न. 1 ता 19 में 4.807 है0, मुरब्बा न. 23 पत्थर न. 198/58 के किला न. 1 ता 23 में 3.555 है0 इस प्रकार दोनो मुरब्बो में कुल 8.362 है0 यानि 33.01 बीघा कमाण्ड/अनकमाण्ड मय खाला के 1/2 हिस्सा को रहन बैय न करने एवं मौका की यथास्थिति बनाये रखने बाबत जारी स्थगन आदेश अपास्त किया जाता है। पत्रावली फैसल शुमार होकर बाद तकमील तरतीब दाखिल दफतर हो। निर्णय खुले न्यायालय में सुनाया गया। हरीतिमा (डॉ0 हरीतिमा) अतिरिक्त जिला कलक्टर सूरतगढ़ (जिला श्री गंगानगर) सूरतगढ़	

अतिरिक्त जिला कलक्टर एवं अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट सूरतगढ़ (जिला–श्रीगंगानगर)

Scanned by CamScanner